दैनिक जागरण

inext

दैनिक जागरण, Varanasi, 3 March 2024

# दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का हुआ शुभारंभ



varanasi@inext.co.in

**VARANASI (2 March):** शनिवार को एसएमएस में 11वें दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ. इसका मुख्य विषय सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था है. अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शिक्षा सलाहकार, उत्तर प्रदेश सरकार व यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में कश्मीर फाइल्स फिल्म फेम दिग्गज फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री उपस्थित रहे. कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. विक्रम सिंह, बैंगलुरू स्थित चाणक्य विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के निदेशक प्रो. सुदीप बानावती, विशिष्ट अतिथि आईआईएम, शिलांग के प्रो. संजय मुखर्जी उपस्थित थे. दो दिवसीय कांफ्रेंस के पहले दिन तीन अलग-अलग तकनीकी सत्रों का आयोजन भी हुआ, जिसमें देश-विदेश से आये लगभग 200 प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया. इस अवसर पर एसएमएस, वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह, निदेशक प्रो. पीएन झा, कुलसचिव संजय गुप्ता, कांफ्रेंस के समन्वयक प्रो. अविनाश चंद्र सुपकर, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. राजकुमार सिंह सहित समस्त अध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे. उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. भावना सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश चंद्र सुपकर ने दिया.

हिन्दुस्तान
वाराणसी, रविवार, 3 मार्च 2024

# पंचशील सूत्र से विकसित होगा भारत: प्रो. डीपी सिंह




एसएमएस वाराणसी में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह। • हिन्दुस्तान

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज वाराणसी में शनिवार से 'सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा सलाहकार, यूजीसी के पूर्व चेयरमैन और बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना पंचशील सूत्र से पूरा होगा। आत्मचेतना नई शिक्षा नीति के मूल में है।

विशिष्ट अतिथि कश्मीर फाइल्स के फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सनातन वास्तव में धर्म नहीं बल्कि क्वालिफिकेशन है, यह एक शाश्वत नियम की तरह है। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. विक्रम

- फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया संवाद
- भारतीय ज्ञान आधारित स्मारिका का हुआ विमोचन

केंद्र के निदेशक प्रो. सुदीप बानावती, विशिष्ट अतिथि आईआईएम शिलांग के प्रो. संजय मुखर्जी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। स्वागत करते हुए एसएमएस वाराणसी के निदेशक प्रो. पीएन झा ने किया।

इस अवसर पर सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था पर आधारित स्मारिका का भी विमोचन किया गया। संचालन डॉ. भावना सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश चंद्र सुपकर ने किया।

पहले दिन तीन तकनीकी सत्रों में देश-विदेश से आए लगभग 200 प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

अमर उजाला

वाराणसी | रविवार, 3 मार्च 2024

# पंचशील सूत्र से पूरा होगा होगा विकसित भारत का सपना

रोहनिया (वि)। एसएमएस (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज) खुशीपुर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा सलाहकार और पूर्व यूजीसी चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह ने किया। उन्होंने ने कहा कि आत्मचेतना ही नई शिक्षा नीति के मूल में है। पंचशील सूत्र से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था विषयक कॉन्फ्रेंस में प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि सतत विकास के लिए हमें पुरातन में झांकने की जरूरत है। फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि सनातन वास्तव में धर्म नहीं बल्कि क्वालिफिकेशन है, यह एक शाश्वत नियम की तरह है। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा संगीत, नृत्य, साहित्य, कला, आयुर्वेद, मनोविज्ञान, भाषाविज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में समृद्ध है। स्वागत करते हुए एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि संस्थान न केवल अकादमिक बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर भी सजग है। संचालन डॉ. भावना सिंह, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश चंद्र सुपकर ने किया।



the pioneer

# India-centric world need of hour: Singh

PNS ■ VARANASI

Education advisor to Uttar Pradesh government and former chairman of University Grants Commission, Prof DP Singh said that Panchsheel sutra was important for sustainable development and India centric world was the demand of the contemporary era.

Addressing the 11th two-day international conference on 'Indian Knowledge System for Achieving Sustainable Development Goals' at the School of Management Sciences (SMS0, Varanasi on Saturday, Prof Singh said that during the time of COVID-19 pandemic, many difficulties had to be faced in making the New Education Policy (NEP). He said that self-consciousness was at the core of the NEP.

"This period is undoubtedly important in building a developed India and we all need to create such a system in which love for teaching and education develops, only then the goal of a truly developed India can be achieved," he said, adding that for sustainable development we need to look into the past. Quoting Swami Vivekananda, Prof Singh stressed the need to make the concept of love for learning.

Veteran filmmaker Vivek Ranjan Agnihotri of 'Kashmir Files' fame was present as a special guest. While interacting directly with the students, he said that Sanatan was actually not a religion but a qualification; it was like an eternal rule. Describing "Tatvamasi' as the basic mantra, he pointed out that the youth today need to recognise their own capabilities, due to which success is certain.

Cautioning the youth to stay away from conservative

Varanasi, Uttar-pardesh | THE NEWSPAPER LINE | www.newspaperline.com

## VARANASI NEWS

THE DREAM OF DEVELOPED INDIA WILL BE FULFILLED BY PANCHSHEEL




The dream of developed India will be fulfilled by Panchsheel Sutra: Prof. D.P Singh

# THE DREAM OF DEVELOPED INDIA WILL BE FULFILLED BY PANCHSHEEL SUTRA: PROF. D.P SINGH

**VETERAN FILMMAKER VIVEK AGNIHOTRI, FORMER DGP AT THE ELEVENTH TWO-DAY INTERNATIONAL CONFERENCE AT SMS, VARANASI. GATHERING OF RENOWNED SCHOLARS OF THE COUNTRY INCLUDING VIKRAM SINGH**

Varanasi, March 2: The eleventh two-day international conference started at SMS Varanasi. The main theme of this two-day international conference is 'Indian Knowledge System for Achieving Sustainable Development Goals'. Education Advisor, Uttar Pradesh Government and U.N. present as chief guest in the inaugural session of the international conference. Yes. C.'s former chairman Prof. D. P. Singh said that during the time of Covid, many difficulties had to be faced in making the new education policy. He said that self-consciousness is at the core of the new education policy. Today this period is undoubtedly important in building a developed India. He appealed and said that we all need to create such a system in which love for teaching and education develops, only then the goal of a truly developed India can be achieved.

Describing Panchsheel Sutra as important for sustainable development, Prof. D. P. Singh said that spirituality centric lifestyle, student centric education, women development centric family, human centric society, India centric world is the demand of the contemporary era. He said that for sustainable development we need to look into the past. Quoting Swami Vivekananda, Prof. Singh said that we have to make the concept of love for learning and love for the learner the core of the new education.

Veteran filmmaker Vivek Ranjan Agnihotri of Kashmir Files film fame was present as a special guest in the conference. While interacting directly with the students, he said that Sanatan is actually not a religion but a qualification, it is like an eternal rule. Describing "Tatvamasi" as the basic mantra, he said that the youth today need to recognize their own capabilities, due to which success is certain. Cautioning the youth to stay away from conservative thoughts, Shri Agnihotri said that it is necessary to include scientific viewpoint in the thoughts.

Quoting the Indian knowledge system, he said that the journey of attaining self from ignorance is the essence of life. Describing the concept of secular as an integral part of India's DNA, he said that merely writing or repeatedly quoting words like socialism, secular is not justice to these concepts and India.Kashi is not just a spiritual city but underlining its role in the freedom struggle, he said that nationalism originated from Maharashtra but it developed in Varanasi and Prayagraj.

Former D.G. of Uttar Pradesh P. and Chancellor of Noida International University, Prof. Vikram Singh said that India's ancient knowledge tradition is rich in all fields including music, dance, literature, art, Ayurveda, psychology, linguistics. Giving examples of literature and poems developed in the western civilization, he said that on one hand, things like betrayal, sorrow, death are clearly visible in their creations, while on the other hand, in the Indian knowledge system, there are positive thoughts like 'Matri Devo Bhava', 'Pitra Devo Bhava', 'Acharya Devo Bhava'. Ideas have been given space.

On the first day of the two-day international conference, three different technical sessions were also organized in which about 200 participants from India and abroad presented research papers. On this occasion, Dr. M.P. Singh, Executive Secretary of SMS, Varanasi, Director Prof. P.N. Jha, Registrar Mr. Sanjay Gupta, Conference Coordinator Prof. Avinash Chandra Supkar, Prof. Sandeep Singh, Prof. Rajkumar Singh and all the teachers and staff were present.

# The Hindu

Varanasi > Lucknow > Mumbai > Gwalior

Sunday, 03-03-2024 www.thehindu.in


# The dream of developed India will be fulfilled by Panchsheel Sutra: Prof. D.P Singh


## The dream of developed India will be fulfilled by Panchsheel Sutra: Prof. D.P Singh





The dream of developed India will be fulfilled by Panchsheel Sutra: Prof. D.P Singh

Varanasi, March 2: The eleventh two-day international conference started at SMS Varanasi. The main theme of this two-day international conference is 'Indian Knowledge System for Achieving Sustainable Development Goals'. Education Advisor, Uttar Pradesh Government and U.N. present as chief guest in the inaugural session of the international conference. Yes. C.'s former chairman Prof. D. P. Singh said that during the time of Covid, many difficulties had to be faced in making the new education policy. He said that self-consciousness is at the core of the new education policy. Today this period is undoubtedly important in building a developed India. He appealed and said that we all need to create such a system in which love for teaching and education develops, only then the goal of a truly developed India can be achieved. Describing Panchsheel Sutra as important for sustainable development, Prof. D. P. Singh said that spirituality centric lifestyle, student centric education, women development centric family, human centric society, India centric world is the demand of the contemporary era.He said that for sustainable development we need to look into the past. Quoting Swami Vivekananda, Prof. Singh said that we have to make the concept of love for learning and love for the learner the core of the

Veteran filmmaker Vivek Ranjan Agnihotri of Kashmir Files film fame was present as a special guest in the conference. While interacting directly with the students, he said that Sanatan is actually not a religion but a qualification, it is like an eternal rule. Describing "Tatvamasi" as the basic mantra, he said that the youth today need to recognize their own capabilities, due to which success is certain. Cautioning the youth to stay away from conservative thoughts, Shri Agnihotri said that it is necessary to include scientific viewpoint in the thoughts. Quoting the Indian knowledge system, he said that the journey of attaining self from ignorance is the essence of life.

राष्ट्रीय सहारा

वाराणसी । रविवार • 3 मार्च • 2024

# पंचशील सूत्र से पूरा होगा विकसित भारत का सपना : प्रो. डीपी सिंह

**वाराणसी (एसएनबी)।** एसएमएस वाराणसी में ग्यारहवें दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ हुआ।दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था' रहा। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शिक्षा सलाहकार उत्तर प्रदेश सरकार व यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि हमसभी को ऐसी व्यवथा का निर्माण करने की जरूरत है जिसमें शिक्षण और शिक्षा के प्रति लगाव विकसित हो तभी सही मायनों में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सतत विकास के लिए पंचशील सूत्र को महत्वपूर्ण बताया।

कॉन्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि कश्मीर फाइल्स फिल्म फेम दिग्गज फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री उपस्थित रहे। विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन, वास्तव में धर्म नहीं बल्कि क्वालिफिकेशन है, यह एक शाश्वत नियम की तरह है। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जरूरी है कि विचारों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सम्मिलित किया जाय। यूपी के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा संगीत, नृत्य, साहित्य, कला, आयुर्वेद, मनोविज्ञान, भाषाविज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में समृद्ध है। इस दौरान बैंगलुरू स्थित चाणक्य विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के निदेशक प्रो. सुदीप बानावती, आईआईएम (शिलांग) के प्रो. संजय मुखर्जी ने विचार रखे। इस अवसर पर सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था पर आधारित स्मारिका का भी विमोचन किया गया। उदघाटन सत्र का संचालन डॉ भावना सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो अविनाश चंद्र सुपकर ने दिया। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पहले दिन तीन अलग अलग तकनीकी सत्रों का आयोजन भी हुआ जिसमें देश-विदेश से आये लगभग 200 प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर एसएमएस के अधिशासी सचिव डॉ एमपी सिंह, निदेशक प्रो. पीएन. झा, कुलसचिव संजय गुप्ता, कॉन्फ्रेंस के समन्वयक प्रो अविनाश चंद्र सुपकर, प्रो संदीप सिंह, प्रो राजकुमार सिंह सहित समस्त अध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




**एसएमएस में ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में जुटे ख्यातिलब्ध विद्वान**



जनवार्ता

वाराणसी, रविवार, 3 मार्च, 2024



# शिक्षा-शिक्षण में लगाव से प्राप्त होगा विकसित भारत का लक्ष्य

## एसएमएस में सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले- सीएम के शिक्षा सलाहकार प्रो.डीपी सिंह







शनिवार को एसएमएस में संगोष्ठी के शुभारम्भ पर बोलते प्रो. डीपी सिंह, सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति केलिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** एसएमएस में ग्यारहवें दो दिनी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय ज्ञान व्यवस्था के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा सलाहकार, उत्तर प्रदेश सरकार व यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि कोविड के समय में नई शिक्षा पॉलिसी को बनाने में तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आत्मचेतना ही नई शिक्षा नीति के मूल में है। आज यह दौर निःसंदेह विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को ऐसी व्यवस्था का निर्माण करने की जरूरत है जिसमें शिक्षण और शिक्षा के प्रति लगाव विकसित हो तभी सही मायनों में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सतत विकास के लिए पंचशील सूत्र को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि आध्यात्म केंद्रित जीवन शैली, विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा, महिला विकास केंद्रित परिवार, मानव केन्द्रित समाज, भारत केंद्रित विश्व ही समकालीन दौर की मांग है।

कॉन्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि कश्मीर फाइल्स फिल्म फेम दिग्गज फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री उपस्थित रहे। विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन वास्तव में धर्म नहीं बल्कि क्वालिफिकेशन है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा संगीत, नृत्य, साहित्य, कला, आयुर्वेद, मनोविज्ञान, भाषा विज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में समृद्ध है। प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में समय की माँग है कि न सिर्फ वैदिक ग्रंथमाला में सन्निहित तत्वों का समकालीन परिप्रेक्ष्य में खोज की जाय बल्कि इनको पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित करने पर भी जोर दिया जाय। विद्यार्थियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन ही जीवन प्रबंधन है। बैंगलुरू स्थित चाणक्य विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के निदेशक प्रो. सुदीप बानावती ने कहा कि सत्रह सतत विकास के लक्ष्य जिन्हे 191 देशों ने स्वीकृत किया है लेकिन सतत विकास की अनदेखी करने के चलते प्रक्रिया में ग्रोथ महज तीस फीसदी है। सस्टेनबल बिजनेस के तीन महत्वपूर्ण स्तम्भों प्रॉफिट, पीपल और प्लेनेट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इनके जरिये ही आज के वैश्विक दौर में गिरते हुए बाजार की व्यवस्था को सम्भाला जा सकता है। विशिष्ट अतिथि आईआईएम (शिलांग) के प्रो. संजय मुखर्जी ने कहा कि आधुनिक विज्ञान को वैदिक ज्ञान के परिप्रेक्ष्य से देखना जरूरी है। दरअसल वेदों के अनुवाद को सिर्फ धार्मिक क्रिया-कलापों के संबंध में ही देखा गया है। कहा कि संस्कृति के बिना मानवता के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए एस एमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि एसएमएस न केवल अकादमिक बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर भी सजग है। उन्होंने महाभारत, गीता और रामायण को आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि ज्ञान प्रमुख रूप से पवित्रीकरण करने का साधन है। इस अवसर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। संचालन डॉ भावना सिंह, धन्यवाद प्रो अविनाश चंद्र सुपकर ने दिया। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन तीन अलग अलग तकनीकी सत्रों का आयोजन भी हुआ जिसमें देश-विदेश से आये लगभग 200 प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर एसएमएस के अधिशासी सचिव डॉ एमपी सिंह, निदेशक प्रो. पी. एन. झा, कुलसचिव संजय गुप्ता, कॉन्फ्रेंस के समन्वयक प्रो अविनाश चंद्र सुपकर, प्रो संदीप सिंह, प्रो राजकुमार सिंह सहित समस्त अध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।